卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 25 ♦अंक 352 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर( ऊधमसिंहनगर ) ♦रविवार ♦28 सितम्बर 2025 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

### षष्ठम नवरात्र




**मां कात्यायनी मां दुर्गा की छठी विभूति हैं । शास्त्रों के मुताबिक जो भक्त दुर्गा मां की कात्यायनी की आराधना करते हैं मां की कृपा उन पर सदैव बनी रहती है।**

# छठ महापर्व को मिलेगी वैश्विक पहचान

## प्रधानमंत्री ने मन की बात में छठ महापर्व, भगत सिंह और लता दीदी को किया याद

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 126वें एपिसोड में कई महत्वपूर्ण विषयों को शामिल किया। उन्होंने छठ महापर्व को यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल कराने के सरकार के प्रयासों का उल्लेख किया। साथ ही अमर शहीद भगत सिंह और स्वर कोकिला लता मंगेशकर को उनकी जयंती पर नमन किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अमर शहीद भगत सिंह सभी के लिए, खासकर युवाओं के लिए सदैव प्रेरणा स्रोत रहेंगे। उन्होंने याद दिलाया कि फांसी से पहले भगत सिंह ने अंग्रेजों से युद्धबंदी जैसा व्यवहार करने और गोली मारने का अनुरोध किया था। उनके जीवन से हमें त्याग और संवेदनशीलता की प्रेरणा मिलती है। पीएम मोदी ने स्वर कोकिला लता मंगेशकर को भी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि लता दीदी के गीतों में वह सब कुछ समाया है, जो मानवीय भावनाओं को झकझोर देता है। उनके गाए देशभक्ति गीतों ने समाज को प्रेरित किया। प्रधानमंत्री ने बताया कि लता दीदी उनसे हर वर्ष राखी भेजती थीं और उनका गीत ष्ज्योति कलश छलकेष उन्हें बेहद पसंद है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत सरकार



छठ पूजा को यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल कराने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि छठ पूजा न केवल भारत के विभिन्न हिस्सों में बल्कि विदेशों में भी धूमधाम से मनाई जाती है और अब यह वैश्विक त्योहार बनता जा रहा है। मन की बात में पीएम मोदी ने भारतीय नौसेना की दो महिला अधिकारियों लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना और लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा का उल्लेख किया। उन्होंने नाविका सागर परिक्रमा के दौरान साहस और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया है। प्रधानमंत्री ने बिहार के मधुबनी जिले की स्वीटी कुमारी की पहल का भी जिक्र किया, जिन्होंने संकल्प क्रिएशन्स के जरिए मिथिला पेंटिंग को महिलाओं की आजीविका का साधन बनाया। आज 500 से अधिक ग्रामीण महिलाएं उनके साथ जुड़ी हैं और आत्मनिर्भरता की राह पर बढ़ रही हैं। पीएम मोदी ने कहा कि महात्मा गांधी सदैव स्वदेशी पर जोर देते थे। हालांकि आजादी के बाद खादी का आकर्षण कम हो गया था, लेकिन पिछले 11 वर्षों में खादी की लोकप्रियता फिर से बढ़ी है। उन्होंने लोगों से खादी उत्पाद खरीदने की अपील की। प्रधानमंत्री ने विजयादशमी पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि आरएसएस की यह यात्रा उतनी ही अद्भुत और प्रेरणादायक है जितनी अद्वितीय।

# पेपर लीक आंदोलन में लगे फलीस्तीन समर्थक नारे

## सरकारी नौकरी और पारदर्शिता की मांग के बीच राजनीतिक रंग लेने लगा आंदोलन

देहरादून। परेड ग्राउंड स्थित धरना स्थल पर पेपर लीक मामले को लेकर चल रहे विरोध प्रदर्शन में रविवार को बड़ा मोड़ देखने को मिला। अब तक जहां आंदोलन केवल परीक्षा रद्द करने और आयोग की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता की मांग तक सीमित था, वहीं शनिवार को



दिशा नामक एक संगठन की एंट्री ने माहौल बदल डाला। आरोप है कि इस संगठन से जुड़े कुछ कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन के दौरान 'फलीस्तीन जिंदाबाद' के नारे लगाए। इससे पहले भी यहां 'हमें चाहिए आजादी' और उत्तराखंड में नेपाल जैसे हालात होकर रहेंगे जैसे नारे लगाए गये थे। इससे साफ हो गया है कि आंदोलन में अब केवल अभ्यर्थी ही नहीं, बल्कि बाहरी संगठन भी सक्रिय भूमिका निभाने लगे हैं। धरना स्थल पर लगे नारों और उत्तेजक बयानों से अभ्यर्थी दुविधा में हैं। उनका कहना है कि वे सिर्फ पेपर लीक प्रकरण की सीबीआई जांच, परीक्षा रद्द करने और आयोग की पारदर्शी व्यवस्था जैसी मांगों को लेकर बैठे हैं। लेकिन कुछ संगठनों ने मंच का इस्तेमाल अपने राजनीतिक एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए शुरू कर दिया है। हम परीक्षा में निष्पक्षता चाहते हैं, राजनीति नहीं। फलीस्तीन समर्थक नारों ने आंदोलन को अचानक राजनीतिक रंग दे दिया। इससे पूरे माहौल में तनाव की स्थिति बन गई। खुफिया और सुरक्षा एजेंसियां इस घटनाक्रम पर पैनी नजर रखे हुए हैं। सूत्रों के मुताबिक, धरना स्थल पर जुटने वाले हर समूह और संगठन की गतिविधियों की बारीकी से निगरानी की जा रही है ताकि आंदोलन को किसी तरह से भटकने न दिया जाए। इधर, उत्तराखंड संस्कृति साहित्य एवं कला परिषद की उपाध्यक्ष मधु भट्ट ने युवाओं से आंदोलन की आड़ में किसी भी प्रकार के देश विरोधी या राज्य विरोधी गतिविधियों से बचने की अपील की है। उन्होंने कहा कि पेपर लीक प्रकरण पर युवाओं की चिंता जायज है, लेकिन किसी भी कीमत पर इसका इस्तेमाल गलत एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए नहीं होना चाहिए। उन्होंने सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि बीते चार वर्षों में लोक सेवा आयोग, अधीनस्थ सेवा चयन आयोग और चिकित्सा सेवा चयन आयोग के माध्यम से 25 (शेष पृष्ठ सात पर)

### देर रात खालिद के घर पहुंची एसआईटी

हरिद्वार। यूकेएसएसएससी पेपर लीक प्रकरण की जांच तेज हो गई है। एसआईटी प्रमुख जया बलूनी अपनी टीम के साथ देर रात आरोपित खालिद के घर पहुंचीं और तीन घंटे से अधिक समय तक स्वजन से सख्त पूछताछ की। इस दौरान खालिद की बहन और पिता से अलग-अलग गहन सवाल-जवाब किए गए। टीम ने घर की तलाशी लेकर कई महत्वपूर्ण दस्तावेज अपने कब्जे में लिए। जया बलूनी ने बताया कि खालिद की बहन की ओर से अभी तक मांगे गए शैक्षिक प्रमाणपत्र नहीं सौंपे गए हैं, इसलिए आगे पूछताछ जारी रहेगी। देर रात हुई इस कार्रवाई से इलाके में सनसनी फैल गई। जांच के दौरान पुलिस ने मौके पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए। एसआईटी का कहना है कि जब तक सभी बयानों में समानता नहीं आती, तब तक पूछताछ का सिलसिला जारी रहेगा।

# रोडवेज के पास फायरिंग और तलवारबाजी से हड़कम्प

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। शनिवार की रात्रि किच्छा बाईपास मार्ग पर रोड़वेज के पास व रामलीला मंचन स्थल के सामने युवकों के दो गुटों में हुए टकराव के दौरान फायरिंग व तलवारबाजी की घटना से क्षेत्र हड़कम्प मच गया। मामले की सूचना मिलते ही पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे जब तक झगड़ा कर रहे सभी युवक



वहां से भाग चुके थे। इस घटना में तलवार की चोट से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे पुलिस ने उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जानकारी के अनुसार शनिवार की रात्रि किच्छा बाईपास मार्ग पर रोड़वेज के पास व रामलीला मंचन स्थल के सामने युवकों के दो गुटों में किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। देखते ही देखते वहां दोनों गुटों के कई साथी आ पहुंचे और उनमें हाथापाई शुरू हो गई। बताया जाता है कि मारपीट के दौरान हमलावर युवकों ने फायरिंग की और तलवारों से हमला भी किया। जिससे एक युवक के सिर में तलवार लग जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया। इसी दौरान वहां लोगों की भीड़ लग जाने से सभी युवक मौके से फरार हो गये। मामले की सूचना मिलते ही पुलिसकर्मी मौके पर आ गये और उन्होंने वहां खड़े लोगों व घायल युवक से मामले की जानकारी ली साथ ही घायल युवक को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार किया। पुलिस का कहना है कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी जा रही है। जिसके बाद झगड़े में शामिल युवकों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

# मुख्यमंत्री ने छात्रों को दिलाई गंगा स्वच्छता की शपथ

## विद्या भारती के प्रतिभा सम्मान समारोह में पहुंचे सीएम,छात्रों संग 'मन की बात' कार्यक्रम भी सुना

नैनीताल(उद संवाददाता)। शहर के समीपवर्ती वीरभट्टी स्थित पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार विद्यालय में रविवार को आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह का हिस्सा बनकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने छात्रों को 'नमामि गंगे अभियान' के तहत गंगा संरक्षण की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों और कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'मन की बात' भी सुनी।कार्यक्रम शुरू होने से पहले सीएम धामी ने नैनीताल में ई लाइब्रेरी का भी किया लोकार्पण भी किया। प्रतिभा सम्मान समारोह विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान की ओर से आयोजित किया गया था। मुख्यमंत्री को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। निर्धारित समय पर कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर विद्यालय प्रबंधन और भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया। समारोह की शुरुआत गार्ड ऑफ ऑनर से हुई, जिसमें छात्रों और शिक्षकगण ने सीएम का अभिनंदन किया। सीएम धामी ने कार्यक्रम में मंच पर प्रतिभाओं को सम्मानित किया। सीएम धामी ने इस अवसर पर कहा कि 'नमामि गंगे अभियान' केवल नदी संरक्षण का ही नहीं बल्कि हमारे सांस्कृतिक और पर्यावरणीय दायित्वों का प्रतीक है। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे इस अभियान को घर-परिवार और समाज में भी प्रचारित करें और गंगा नदी को स्वच्छ रखने में सक्रिय भूमिका निभाएं। इसके बाद मुख्यमंत्री ने छात्रों को गंगा संरक्षण की शपथ दिलाई। शपथ लेने के बाद विद्यार्थियों और कार्यकर्ताओं ने सीएम के साथ 'प्रधानमंत्री के मन की बात' सुनी, जिससे बच्चों और उपस्थित कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल बना। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि प्रतिभा सम्मान समारोह का उद्देश्य न केवल छात्रों की उपलब्धियों को पहचानना है, बल्कि उनमें सामाजिक जिम्मेदारी और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता भी बढ़ाना है। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और छात्र-छात्राओं की कलात्मक गतिविधियां भी आयोजित की गईं।





# लेन देन के विवाद में घर में घुसकर जानलेवा हमला

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। खेड़ा वार्ड नंबर 17 में मोबाइल फोन के लेन-देन के विवाद ने खूनी झड़प का रूप ले लिया। मामले में फरीद अली की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित फरीद अली ने बताया कि उसकी खेड़ा में 'रॉयल टेलिकॉम' नाम से मोबाइल की दुकान है। लगभग पांच माह पूर्व मोहल्ले के ही अरबाज ने दुकान से नया सैमसंग स्मार्टफोन खरीदा था और दो दिन में तीन हजार रुपये लौटाने का वादा किया था। लेकिन लंबे समय से वह रकम नहीं लौटा रहा था। जब फरीद ने फोन कर पैसे मांगे तो विवाद बढ़ गया। फरीद का आरोप है कि इसके बाद अरबाज अपने भाई सलमान, पिता फरीद बाबा और साथी सहेल के साथ दुकान पर पहुंचा। सभी लोग तमंचे, तलवार और धारदार हथियारों से लैस थे। आरोप है कि आरोपियों ने दुकान के भीतर घुसकर फरीद, उसके भाइयों इमरान और इरफान पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में इमरान के हाथ में फ्रैक्चर हो गया, जबकि इरफान के होंठ व दांत टूट गए और उसके हाथ में गहरी चोट आयी। पीड़ित पक्ष का कहना है कि जाते-जाते आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी और खुलेआम कहा कि उनका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। मोहल्ले में उनकी दबंगई और पुराने अपराधिक इतिहास की चर्चा पहले से ही है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# किच्छा छात्र संघ चुनाव में एनएयूआई ने मारी बाजी

किच्छा(उद संवाददाता)। राजकीय महाविद्यालय किच्छा का प्रथम छात्र संघ चुनाव शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो गए। तथा इस चुनाव में एन एस यूए आई ने बाजी मार ली। इस दौरान चुनाव को लेकर महाविद्यालय परिसर में शांति व्यवस्था के दृष्टिगत भारी पुलिस फोर्स तैनात नजर आया। नगर के किच्छा बाईपास स्थित राजकीय महाविद्यालय में प्रथम बार छात्र संघ का चुनाव संपन्न हुआ। शनिवार की बजे तक जारी रही। मतदान प्रक्रिया में महाविद्यालय के कुल 332 संस्थागत छात्र-छात्राओं में से 281 छात्रों ने अपने मत का उपयोग कर मतदान प्रक्रिया में हिस्सा लिया। मतदान के बाद करीब 3 बजे छात्र



महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच खासा उत्साह नजर आया। महाविद्यालय के अध्यक्ष पद सहित 8 पदों पर संपन्न हुए चुनाव में 7 पदों पर निर्विरोध पदाधिकारी निर्वाचित हो गए। जबकि मात्र एक अध्यक्ष पद पर दो प्रत्याशियों के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। अध्यक्ष पद पर एनएसयूआई से जुड़े तारिफ ने मात्र 11 वोटो से अपने प्रतिद्वंदी एबीवीपी के अंकित को हराकर जीत दर्ज कर ली। इस दौरान सुबह 10 बजे छात्र संघ चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ हुई। चुनाव को लेकर छात्र-छात्राओं में खासा उत्साह नजर आया। इस दौरान महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर कोतवाली प्रभारी धीरेंद्र कुमार के दिशा निर्देशन में भारी पुलिस फोर्स मुस्तैदी से तैनात रहा तथा उनके द्वारा परिचय पत्र जांचने के बाद ही छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय परिसर में जाने की अनुमति दी गई। सुबह करीब 10 से प्रारंभ हुई मतदान की प्रक्रिया दोपहर 2 संघ चुनाव अधिकारी डॉ नरेश कुमार के दिशा निर्देशन में मतगणना की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। जांच के दौरान टीम द्वारा दो मत अवैध घोषित किए गए। मत पत्रों की जांच के बाद चुनाव अधिकारी डॉ नरेश कुमार ने घोषणा करते हुए बताया कि अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अंकित कुमार को 134 वोट तथा तारिफ को 145 वोट प्राप्त हुए हैं और 11 वोटो से तारिफ ने अध्यक्ष पद पर जीत दर्ज की है। चुनाव का नतीजा घोषित होते ही नवनिर्वाचित छात्र संघ अध्यक्ष तारिफ के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई और महाविद्यालय गेट पर खुशी का इजहार करते हुए तारिफ के समर्थकों ने उन्हें जीत की बधाई देते हुए कंधों पर उठा लिया। चुनाव अधिकारी नरेश कुमार ने बताया कि प्रथम बार हुए महाविद्यालय के छात्र संघ चुनाव में विभिन्न 8 पदों के लिए 23 नामांकन पत्र वितरित किए गए थे, जिनमें से 14 प्रत्याशियों द्वारा अपना नामांकन पत्र जमा किया गया था। उन्होंने बताया कि जांच के उपरांत सात पदों पर मात्र एक-एक प्रत्याशी होने के सभी का निर्विरोध निर्वाचित हो गया। जबकि अध्यक्ष पद पर दो प्रत्याशी होने के बाद चुनाव संपन्न हुए हैं। उन्होंने शांतिपूर्ण मतदान संपन्न होने पर पुलिस प्रशासन एवं छात्र-छात्राओं का आभार जताते हुए छात्र संघ के निर्वाचित पदाधिकारियों को जीत की बधाई दी और महाविद्यालय के हित में कार्य करने का आह्वान किया। मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकारी भूपेंद्र सिंह धोनी, कोतवाली प्रभारी धीरेंद्र कुमार, वरिष्ठ उप निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद सहित कई उपनिरीक्षक एवं भारी पुलिस फोर्स तैनात रहा।

## कई पदों पर निर्विरोध हुआ निर्वाचन

किच्छा। नगर स्थित राजकीय महाविद्यालय में संपन्न हुए छात्र संघ के चुनाव में एक मात्र प्रत्याशी होने के चलते उपाध्यक्ष पद पर अम्मान रजा, छात्रा उपाध्यक्ष पद पर स्नेहा, सचिव अमन, संयुक्त सचिव नेहा, कोषाध्यक्ष तान्या, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि प्रीति, संकाय प्रतिनिधि अंजलि का निर्विरोध निर्वाचित हो गया। जबकि अध्यक्ष पद पर एनएसयूआई समर्थित तारिफ ने जीत दर्ज की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजीव रतन एवं चुनाव प्रभारी डॉ नरेश कुमार ने संयुक्त रूप से निर्वाचित 8 पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई और जीत की बधाई दी। निर्वाचित पदाधिकारियों ने प्राचार्य डॉ राजीव रतन को भरोसा दिलाते हुए कहा कि उनके द्वारा महाविद्यालय के नियमों का सम्मान कर छात्र हित एवं महाविद्यालय हित में एकजुट होकर कार्य किया जाएगा। निर्वाचित अध्यक्ष तारिफ ने सभी छात्र-छात्राओं का आभार व्यक्त करते हुए छात्र हित में कार्य करने का संकल्प लिया।

## नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पुलिस ने पहुंचाया घर

किच्छा। राजकीय महाविद्यालय में चुनाव की घोषणा तथा निर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण के पश्चात छात्रों द्वारा विजयी जुलूस निकाले जाने की संभावना के दृष्टिगत पुलिस टीम ने तुरंत नवनिर्वाचित अध्यक्ष तारिफ एवं उपाध्यक्ष अम्मान रजा को पुलिस की गाड़ी में बिठाया और उन्हें उनके घर पहुंचा दिया। इसके अलावा अन्य निर्वाचित छात्राओं को भी पुलिस द्वारा अपनी देखरेख में घर पहुंचाने की व्यवस्था की गई। प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र कुमार ने साफ कहा कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुसार छात्र संघ चुनाव से संबंधित किसी प्रकार के विजई जुलूस पर प्रशासन द्वारा रोक लगाई गई है, बावजूद इसके अगर छात्र-छात्राओं द्वारा विजई जुलूस निकालने का प्रयास किया गया तो उनके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का किया भव्य स्वागत

गदरपुर(उद संवाददाता)। राजकीय महाविद्यालय गदरपुर के छात्र संघ चुनाव में विजयी हुए नव-निर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत ब्लॉक प्रमुख ज्योति ग्रोवर के आवास पर किया गया। विजयी छात्र-छात्राएँ अपने समर्थकों के साथ आशीर्वाद लेने पहुंचे, जहाँ उनका फूलमालाओं एवं गर्मजोशी से सम्मान किया गया। इस अवसर पर प्रीत ग्रोवर एवं विशु मक्कड़ विशेष रूप से उपस्थित रहे। ब्लॉक प्रमुख ज्योति ग्रोवर ने सभी विजयी छात्र छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि युवाओं का यह उत्साह लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है और आने वाले समय में यही युवा समाज व राष्ट्र का नेतृत्व करेंगे।प्रीत ग्रोवर ने भी छात्रों को सफलता की शुभकामनाएँ देते हुए उन्हें राजनीति व सामाजिक क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया।कार्यक्रम के दौरान विजयी छात्रों में विशेष उत्साह देखने को मिला। सभी ने संकल्प लिया कि वे छात्रों की समस्याओं के समाधान के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।



## नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शुक्ला ने किया स्वागत

रुद्रपुर। सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रुद्रपुर में छात्रसंघ चुनाव में अध्यक्ष, सचिव एवं विश्व विद्यालय प्रतिनिधि पदों पर ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष रजत सिंह बिष्ट, सचिव जसवंत सिंह एवं विश्वविद्यालय प्रतिनिधि मोहित चंद्र भट्ट अपने सैकड़ों समर्थको के साथ पूर्व विधायक राजेश शुक्ला के आवास पर पहुंचकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने जीत की बधाई देते हुए कहा कि यह जीत युवाओं के भरोसे, मेहनत और हमारी टीम के रणनीतिक प्रयासों का परिणाम है। मैं सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देता हूं और आशा करता हूं कि यह नई टीम छात्रों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध रहेगी और कॉलेज को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी। बताते चलें कि पूर्व विधायक राजेश शुक्ला की टीम के छात्र नेता धीरज सिंह, पूर्व छात्रसंघ



सचिव रोहित भट्ट, छात्र नेता चंदन भट्ट, पूर्व अध्यक्ष गोपाल सिंह पटेल एवं कमलचंद जोशी सहित वरिष्ठ छात्र नेताओ ने रणनीति बनाकर छात्रसंघ चुनाव लड़ाया और ऐतिहासिक जीत दर्ज की। अध्यक्ष पद पर रजत सिंह बिष्ट ने 100 से अधिक वोटों से जीत दर्ज की, वहीं सचिव पद पर जसवंत सिंह ने 1300 से अधिक मतों से ऐतिहासिक जीत हासिल की। विश्वविद्यालय प्रतिनिधि पद पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद समर्थित मोहित चंद्र भट्ट ने निर्णायक बढ़त बनाकर जीत हासिल की।

## ऑक्सफोर्ड में बॉक्सिंग कोच जोशी, छात्र योगेंद्र व उसके पिता को किया सम्मानित

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। ऑक्सफोर्ड अकादमी परिसर में विद्यालय की प्रबन्ध समिति एवं प्रधानाचार्य केएस नेगी द्वारा बाक्सिंग कोच सीके जोशी व कक्षा दस के छात्र योगेन्द्र यादव एवं उनके पिता वीरेन्द्र यादव को सम्मानित किया गया। विद्यालय के छात्र योगेन्द्र यादव ने गत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी ऑल इंडिया सीबीएसई नेशनल बॉक्सिंग चौंपियनशिप, जो हरियाणा के कोकोना में आयोजित की गई थी में प्रतिभाग लेकर लगातार पिछले वर्ष 2024 व इस वर्ष 2025 में स्वर्ण पदक हासिल किया है। योगेन्द्र के उत्कृष्ट प्रदर्शन के फलस्वरूप उसे 5100 रुपए की नकद धनराशि एवं निशुल्क शिक्षा की सुविधा से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर योगेन्द्र के मुख्य कोच सीके जोशी ने बच्चों को पढाई के साथ-साथ खेलों में भी निपुणता प्राप्त करने के लिये प्रेरित विद्यालय ही नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र एवं राज्य का नाम रोशन किया है। समस्त विद्यालय के शिक्षक व छात्र-छात्राओं को योगेन्द्र यादव



किया तथा बताया कि किस प्रकार हमारे राज्य में खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य के लिये विभिन्न प्रकार के स्वर्णिम अवसर हैं। योगेन्द्र की इस उपलब्धि ने के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर गर्व की अनुभूति है। प्रबंध समिति के प्रबन्धक, निदेशक व सदस्योंद्वारा योगेन्द्र यादव के स्वर्णिम भविष्य के लिये शुभकामनाएँ प्रेषित की गई।

## 'स्वस्थ नारी, सशक्त भारत' अभियान के अंतर्गत शिविरों का 21,466 लाभार्थियों ने उठाया लाभ

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। स्वस्थ नारी, सशक्त भारत स्वास्थ्य सेवा पखवाड़े के अंतर्गत शुक्रवार, 27 सितंबर को जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में कुल 197 बहुउद्देशीय स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में कुल 21,466 लाभार्थियों ने प्रतिभाग कर स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त किया। स्वास्थ्य स्क्रीनिंग के दौरान हाइपरटेंशन के 9,032, मधुमेह के 9,077, सर्वाइकल कैंसर के 71, ब्रेस्ट कैंसर के 2,531 तथा ओरल कैंसर के 5,887 लोगों की जांच की गई। यह अभियान विशेष रूप से महिलाओं की स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति जागरूकता और समय पर निदान सुनिश्चित करने हेतु संचालित किया गया। ई रक्तकोष के अंतर्गत 347 लोगों ने पंजीकरण कराया, वहीं 34 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर समाज को जीवनदायिनी सेवा प्रदान की। शिविरों में 1,895 गर्भवती महिलाओं ने एएनसी कराया, जिससे उनके और उनके गर्भस्थ शिशु के स्वास्थ्य की निगरानी सुनिश्चित हो सकी। वहीं, 2,153 किशोरियों को माहवारी स्वच्छता से संबंधित जानकारी दी गई तथा 199 बच्चों को पोषण संबंधी काउंसलिंग दी गई। स्वास्थ्य कार्ड के वितरण के अंतर्गत 267 लाभार्थियों को एमसीपी कार्ड, जबकि 198 को आयुष्मान भारत की आभा आईखडी प्रदान की गई। टीबी रोग की रोकथाम और जागरूकता के उद्देश्य से 3,323 लोगों की जांच की गई तथा 135 नए नि:क्षय मित्रों का पंजीकरण भी हुआ, जो टीबी रोगियों को सामाजिक और भावनात्मक सहयोग प्रदान करेंगे। कुल मिलाकर इन शिविरों में 11,226 लोगों को जनस्वास्थ्य की जानकारी दी गई, जो न केवल स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ने में सहायक रही, बल्कि लोगों में रोगों की समय पर पहचान और रोकथाम को लेकर जागरूकता भी बढ़ी। इसी क्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. के.के. अग्रवाल ने सीएचसी गदरपुर में पखवाड़े के अंतर्गत लगाए गए शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित स्वास्थ्यकर्मियों और अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोई भी पात्र व्यक्ति स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित न रहे और हर लाभार्थी को निर्धारित सेवाएं गुणवत्ता के साथ प्रदान की जाएं।

## भदईपुरा में मीना शर्मा ने किया रामलीला का उद्घाटन

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। पूर्व पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने कहा है कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम ने हमे जात पात, छुआ छूत, भेद भाव और अमीरी गरीबी, से उपर उठकर समाज को एक करने का रास्ता दिखाया था, आज हमें उनके बताये रास्ते पर चलकर देश को मजबूत और संस्कारित बनाना है। इससे पूर्व श्रीमती शर्मा और ग्राम सैजना के प्रधान विजय यादव ने भदईपुरा दूधिया नगर, में चल रही प्रभु श्री राम की लीला का दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया। बाद में रामलीला कलाकारों द्वारा परशुराम लक्ष्मण संबाद की सुंदर लीला की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विजय



यादव ने प्रभु श्री राम को आदर्श बताते हुए कहा की हम सभी को उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लेना चाहिए, बाद में रामलीला कमेटी द्वारा अतिथियों का पीत वस्त्र डालकर और स्मृति चिन्ह देकर भव्य स्वागत किया गया, इस अवसर पर रामलीला कमेटी अध्यक्ष गजेंद्र सिंह राघव, निगम पार्षद महेंद्री शर्मा, कांग्रेस नेता अनिल शर्मा, सरोज रानी, चंद्रकली,सुभाष दिवाकर, राजीव यादव, वजीर अहमद, पोशाकी लाल शर्मा, नन्हे सिंह तोमर, कुंवर पाल, शंकर कोलीआदि लोग उपस्थित थे



# अनाज मण्डी रामलीला में रावण दरबार और सीता हरण ने बांधा समा

गदरपुर(उद संवाददाता)। श्री रामलीला कमेटी, अनाज मंडी गदरपुर द्वारा आयोजित रामलीला में शुक्रवार को मंचित "रावण दरबार" और "सीता हरण" के प्रसंगों ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। पौराणिक कथाओं के इन महत्वपूर्ण दृश्यों को कलाकारों ने इतनी जीवंतता से मंचित किया कि दर्शक भक्ति, आस्था और उत्साह में सराबोर हो उठे। कार्यक्रम का संचालन रविंद्र बजाज (अध्यक्ष), अशोक धीर (महामंत्री) और कृष्ण लाल अनेजा (कोषाध्यक्ष) की कमेटी ने किया। निर्देशन का दायित्व सिद्धार्थ भुसरी ने संभाला, जबकि क्लब अध्यक्ष अशोक सुधा मंच पर विशेष रूप से उपस्थित रहे। लीला में श्री राम की भूमिका में रोहित पोपली ने सौम्यता और मर्यादा की छवि को बखूबी निभाया। लक्ष्मण बने कशिश खुराना ने वीरता के साथ संवादों में जोश भरा। सीता की भूमिका सागर कालड़ा ने गरिमा और करुणा के साथ प्रस्तुत की। सूर्पणखा के रूप में आलोक गाबा ने अपने अभिनय से दृश्य में तीव्रता



लाई। रावण बने अमन गाबा, मेघनाद की भूमिका अविश अरोरा और जटायू बने गोविंद ने भी दर्शकों का दिल जीता। मंच पर सबसे ज्यादा ध्यान खींचा राजकुमार भुड्डी ने, जिन्होंने ताप्ती रावण का किरदार निभाया। जैसे ही उन्होंने संवाद बोलना शुरू किया, उनकी गूंजती आवाज, सधी हुई अदायगी और जबरदस्त मंच उपस्थिति ने माहौल को संजीदा बना दिया। हर संवाद पर दर्शकों की तालियों और सीटियों की गूंज से पूरा पंडाल गूंज उठा। सीता हरण के दृश्य में जब रावण वेश में रथ लेकर पंचवटी पहुंचता है और मायावी रूप से सीता का अपहरण करता है, तब जटायू और रावण के युद्ध का दृश्य रोमांच से भरपूर रहा। जटायू के साहसिक अभिनय ने दर्शकों के भीतर देशभक्ति और धर्म रक्षा का भाव भर दिया। पूरे आयोजन की व्यवस्था महावीर दल अध्यक्ष अमित भुड्डी के नेतृत्व में अनुशासित ढंग से संचालित की गई। इस अवसर पर लाजपत कंबोज, बल्लू खुराना, सुभाष बेहड़, सतीश छाबड़ा, अशोक पोपली, मुलख राज अरोरा, विजय सुखीजा, धीरज एशपूजनी, राजेश अग्रवाल, आदित्य सुखीजा, निर्मल नारंग, मुनि भुसरी, अनमोल भुड्डी, अंकुर चावला, पारस धवन, सक्षम ग्रोवर, प्रवीण गगनेजा, देव छाबड़ा, सुभाष खुराना, कपिल छाबड़ा सहित अनेक सामाजिक एवं धार्मिक कार्यकर्ता मंच और पंडाल में उपस्थित रहे।

# हल्द्वानी छात्रसंघ अध्यक्ष पद पर एबीवीपी के अभिषेक जीते

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कुमाऊं के प्रतिष्ठित एमबीपीजी कॉलेज में छात्रसंघ चुनाव के नतीजों में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने एक बार फिर अपना दबदबा कायम रखा है। एबीवीपी के अधिकृत अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अभिषेक गोस्वामी ने निर्णायक बढ़त के साथ जीत दर्ज की।अंतिम राउंड की मतगणना के बाद अभिषेक गोस्वामी को 1738 वोट मिले, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी कमल बोरा को 1593 वोट प्राप्त हुए। इस तरह अभिषेक को 145 वोटों से जीत मिली। एबीवीपी की इस जीत के साथ ही संगठन ने कॉलेज में लगातार दूसरी बार अध्यक्ष पद पर कब्जा बरकरार रखा है।उपाध्यक्ष मनीष चन्द्र निर्वाचित हुए, जबकि अन्य पदों पर भी छात्रों ने निर्णायक चुनावी सहभागिता दिखाई। कुल 3599 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने पहुँचे। चुनाव परिणामों के अनुसार, अध्यक्ष पद पर अभिषेक गोस्वामी ने 1738 मत हासिल कर कमल बोरा और मोहम्मद अरशद को पराजित किया। उपाध्यक्ष पद पर मनीष चन्द्र 2486 मत लेकर विजयी रहे। कोषाध्यक्ष के रूप में यशवर्धन चिलवाल, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि के रूप में रक्षित बिष्ट निर्वाचित हुए। छात्रा उपाध्यक्ष पद पर ज्योति दानू निर्विरोध चुनी गई, जबकि सचिव और संयुक्त सचिव पदों पर गौरव तिवारी और मनोज सिंह बिष्ट निर्विरोध निर्वाचित हुए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. संजय खत्री एवं प्राचार्य डॉ. एन. एस. बनकोटी ने बताया कि चुनाव पूरी तरह शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न हुआ। सभी निर्वाचित पदाधिकारियों ने छात्र हित और कॉलेज के शैक्षणिक माहौल को बेहतर बनाने के लिए अपने प्रयास जारी रखने का संकल्प दोहराया है।

# डीएम ने सम्बद्ध सर्वे कानूनगो को किया निलंबित

## कमिश्नर के निरीक्षण दौरान दिए गए आदेश पर हुई कार्रवाई

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने बताया कि जिलाधिकारी नैनीताल पत्र 24 सितम्बर 2025 से अवगत कराया गया है कि दिनांक 23 सितंबर को आयुक्त कुमांऊ मण्डल नैनीताल द्वारा तहसील हल्द्वानी का निरीक्षण करने पर पाया गया है कि अशरफ अली सर्वे कानूनगों, सम्बद्ध राजस्व निरीक्षक तहसील हल्द्वानी द्वारा धारा 143 के तहत विभिन्न आवेदन पत्र प्राप्त होने के उपरान्त पत्रावलियों दीर्घावधि तक लम्बित रखी गई हैं, जिसका समयान्तर्गत निस्तारण नहीं किया गया है। इसके अतिरिक्त उनके द्वारा मौखिक रूप से बिना स्थलीय निरीक्षण किये पत्रावलियों को तैयार किया जाना स्वीकार किया गया है। अशरफ अली सर्वे कानूनगों द्वारा अपने कर्तव्यों का निर्वहन सही ढंग से नहीं किया जा रहा है और अपने शासकीय कार्यों का सम्पादन अपने निजी आवास में पत्रावलियों अनावश्यक रुप से रखकर घर में ही बैठकर धारा-143 से सम्बन्धित पत्रावलियों का निस्तारण किया जा रहा है, जो कि उचित नहीं है, जिसकी पुष्टि उनके द्वारा स्वयं निरीक्षण के दौरान दिये गये मौखिक कथन/बयानों से होती है। अशरफ अली द्वारा अपने कर्तव्यों का निर्वहन सही ढंक से नहीं करने व राजकीय कार्यों मे घोर लापरवाही किये जाने से अवगत कराया गया है। जिलाधिकारी नैनीताल द्वारा अशरफ अली सर्वे कानूनगों की सम्बद्धता समाप्त करने तथा सम्बन्धित कार्मिक के विरुद्ध निलम्बन व विभागीय कार्यावाही / अनुशासनात्मक कार्यवाही करने की अपेक्षा की गयी है। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने जिलाधिकारी नैनीताल की आख्या के अधार पर सर्वे कानूनगों अशरफ अली को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया , व कहा कि निलम्बन अवधि में अशरफ अली सर्वे कानूनगों मुख्यालय सहायक अभिलेख अधिकारी उधमसिंहनगर में सम्बद्ध रहेगें। जिलाधिकारी ने कहा कि निलम्बन अवधि में अशरफ अली सर्वे कानूनगों को वित्तीय नियम संग्रह खण्ड-2, भाग-2 से 4 (क) मूल नियम-53 के प्राविधानों के अनुसार जीवन निर्वाह भत्ते की धनराशि अर्द्ध औसत वेतन पर देय अवकाश वेतन के बराबर देय होगी तथा उन्हें जीवन निर्वाह भत्ते की धनराशि पर महंगाई भत्ता, यदि ऐसे अवकाश वेतन पर निलम्बन से पूर्व वेतन के साथ महंगाई भत्ता तब तक देय नहीं होगा जबकि निलम्बन से पूर्व वेतन के साथ महंगाई भत्ता अथवा महंगाई भत्तों का उपांकित समायोजन प्राप्त नहीं था। निलम्बन के दिनांक को वेतन के आधार पर अन्य प्रतिकर भत्ते भी निलम्बन की अवधि में इस शर्त पर देय होगें जब इसका समाधान हो जाये कि उनके द्वारा उस मद में व्यय वास्तव में किया जा रहा है, जिसके लिए उक्त प्रतिकर भत्ते अनुमन्य हैं। उपरोक्त मदों का भुगतान तभी किया जायेगा जबकि श्री अशरफ अली सर्वे कानूनगों द्वारा इस आशय का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें कि वह अन्य सेवा योजना, व्यापार वृत्ति, व्यवसाय में नहीं लगे हैं।

# स्थापना दिवस पर 31 वीं वाहिनी में समारोह 30 से

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 31वी वाहिनी पीएसी के 55वे स्थापना दिवस के अवसर परपांच दिवसीय मेला व विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार 30 सितम्बर से 3 अक्टूबर तक परिसर में भव्य मेले एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश के तराई क्षेत्र में नक्सलवादी गतिविधियों पर प्रभावी नियन्त्रण रखने हेतु 30 सितम्बर 1970 को 31वी वाहिनी पीएसी का गठन हुआ था। जिसके उपरान्त वाहिनी द्वारा प्रति वर्ष इस दिवस को हर्षोल्लास के साथ वाहिनी के जन्मदिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष 55वें स्थापना दिवस के अवसर पर भव्य मेले एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। मेले में विभिन्न प्रकार के बच्चों के मनोरंजक झूले, खिलौनों, चूडियों, महिला साज-सज्जा सामग्री, पहाड़ी दालें, विभिन्न खेलों, खाद्य सामग्री, स्वादिष्ट पकवान, वस्त्रों आदि के स्टाल लगाये जायेंगे। साथ ही विभिन्न उत्तराखण्ड के लोककलाकारों द्वारा अपनी रंगारंग प्रस्तुति दी जायेगी। मेले के अंतिम दिन लक्की ड्रा कूपन भी निकाले जायेंगे। जिसमें विजेता के आकर्षक पुरस्कार वितरित किये जायेंगे। इस मेले का शुभारंभ 30 सितम्बर को सायं 6 बजे दीपक रावत, कुमायूं कमीशनर के द्वारा तथा समापन 3 अक्टूबर की सायं 6 बजे नितिन सिंह भदौरिया, जिलाधिकारी ऊधमसिंहनगर द्वारा किया जायेगा। आयोजकों ने समस्त क्षेत्रवासियों से इस मेले में अधिक से अधिक संख्या में पधार कर मेले की शोभा बढ़ाने का आग्रह किया है।

# पंतनगर में रामलीला मंचन एवं मां भगवती जागरण का भव्य आयोजन

पंतनगर(उद संवाददाता)। उत्तरायणी कौतिक मेला कमेटी रामलीला मानस मंचन पंतनगर द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्रीरामलीला मंचन का शुभारंभ शुक्रवार को रामलीला मैदान पंतनगर में पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ. दीपा विनय एवं वरिष्ठ भाजपा नेता दीपेंद्र कोश्यारी के साथ दीप प्रज्वलित कर किया। रामलीला के प्रथम दिवस पर शिव-पार्वती संवाद, नारद मोह एवं श्रवण कुमार चरित्र जैसे प्रसंगों का भावपूर्ण मंचन किया गया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। कलाकारों की अभिनय क्षमता और भावाभिव्यक्ति ने मंचन को अत्यंत जीवंत बना दिया। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा, षरामलीला जैसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं। नई पीढ़ी को हमारी परंपराओं और आदर्शों



से जोड़ने में ऐसे मंचों की अत्यंत आवश्यकता है।ष उधर, इंदिरा कॉलोनी शिव मंदिर परिसर में कॉलोनीवासियों द्वारा आयोजित मां दुर्गा पूजा के उपलक्ष्य में भव्य जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भी पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने अखंड ज्योति प्रज्वलित कर किया। जागरण मंडली द्वारा प्रस्तुत माता रानी के मधुर भजनों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया और वातावरण भक्तिमय हो उठा। राजेश शुक्ला ने कहा कि, षमां भगवती की आराधना हमें शक्ति, साहस और संयम का मार्ग दिखाती है। ऐसे आयोजन सामाजिक एकता और श्रद्धा का प्रतीक हैं, जिन्हें और अधिक प्रोत्साहन मिलना चाहिए। कार्यक्रम में हरीश भट्ट, जगदीश भट्ट, हिमांशु जोशी, राजू रावत, राजेंद्र भट्ट, धर्मेंद्र भट्ट, पिंकी डिमरी, लक्ष्मी डिमरी, लखन महेता, राहुल जोशी, गोपाल जोशी, अभिषेक रौतेला, दरबान सिंह, दरबान सिंह रोतेला, डी एस बिष्ट,डां एस जीना, दीवान सिंह बिष्ट, आंनद सिंह जीना,पियूष जोशी, हिमांशु नरूला, महेंद्र बाल्मीकि, सचिन शर्मा, राधे प्रसाद, हरि प्रसाद, तेज सिंह बिष्ट, आशीष ढाडा समेत सैकड़ो श्रद्धालु उपस्थित थे।

# सड़क हादसे में रामपुर निवासी दो युवकों की मौत

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। शनिवार की रात्रि पत्थरचट्टा के पास एक सड़क हादसे में बाईक सवार रामपुर निवासी दो युवको की मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी वाहन चालक को वाहन सहित हिरासत में ले लिया।



जानकारी के अनुसार शनिवार की शाम पत्थरचट्टा के पास टाटा एस वाहन की टक्कर से बाईक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों को तत्काल जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया जबकि दूसरे युवक ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। उनके पास से मिले आधार कार्ड के आधार पर उनकी शिनाख्त ग्राम नरपतनगर थाना स्वार रामपुर निवासी 46 वर्षीय अतीक अहमद व 32 वर्षीय अनीस खान के रूप में की गई। सीओ डीआर वर्मा ने बताया कि घटना की सूचना मृतक के परिजनों को मिलने के बाद वह भी यहां आ गये। पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर आरोपी वाहन चालक को पूछताछ के लिए अपनी हिरासत में लिया है।

# अग्रसेन जयंती पर हवन व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। अग्र समाज द्वारा महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शनिवार को प्रात: 9 बजे मीरा मार्ग स्थित प्याऊ और अग्रसेन चौक पर महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण, आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। पंख गोपाल दत्त शास्त्री के निर्देशन में आयोजित हवन पूजन में 18 गोत्रों के प्रतीक के रूप में 18 दम्पतियों ने भाग लिया। निशुल अग्रवाल, रामकिशोर अग्रवाल, अनीश अग्रवाल, सुशील अग्रवाल कोषाध्यक्ष ने सहयोग किया।महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव कार्यक्रम राजीव अग्रवाल की अध्यक्षता व कार्यक्रम संयोजक नीरज प्रभात गर्ग निर्देशन में सम्पन्न हुए। सायं 5 बजे महाराजा अग्रसेन प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम युवा समिति अध्यक्ष विपुल अग्रवाल, राधिका अग्रवाल के द्वारा संचालित किया गया।प्रतिभा सम्मान समारोह अतुल अग्रवाल,डाख अभिषेक मित्तल,कनव अग्रवाल, एकता अग्रवाल द्वारा सम्पन्न कराया



गया।सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों ने मनोहारी और सुंदर प्रस्तुतियां दीं। रीता अग्रवाल, संगीता मित्तल ने सहयोग दिया।महिला समिति अध्यक्ष पायल अग्रवाल , वैशाली अग्रवाल के निर्देशन में महिला समिति ने बहुत सुंदर व प्रभावशाली प्रस्तुति दी। छप्पन भोग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के उपरांत सहभोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन सभा के महामंत्री मनोज अग्रवाल व उपाध्यक्ष मनोज कुमार अग्रवाल द्वारा किया गया। जयंती कार्यक्रमों में सुशील कुमार बंसल, भगवान सहाय अग्रवाल, सुशील अग्रवाल पप्पी, कैलाश चंद्र अग्रवाल, बद्री प्रसाद गुप्ता, अशोक अग्रवाल, बसंत अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, नीरज प्रभात गर्ग, राजकुमार अग्रवाल, अमित अग्रवाल,सरिल गोयल, आशुतोष अग्रवाल, अजय अग्रवाल, तपन अग्रवाल,सीमा गर्ग, नीतू अग्रवाल, कविता, मोनिका मित्तल अनीता अग्रवाल, नविता अग्रवाल, रूपक अग्रवाल, लव मित्तल, अनिल गुप्ता, राधेश्याम अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, विनीत अग्रवाल, आलोक, रीतेश अग्रवाल, देवेश अग्रवाल, विपिन गुप्ता, वेद प्रकाश अग्रवाल, ऋषि बंसल आदि उपस्थित रहे।

# बागजाला में बेमियादी धरना जारी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बागजाला वासियों को मालिकाना अधिकार देने, निर्माण कार्यों पर लगी रोक हटाने, पंचायत चुनाव के अधिकार को बहाल करने समेत आठ सूत्रीय मांगों को लेकर बागजाला में अनिश्चितकालीन धरना 41वें दिन भी जारी रहा। धरने में डा कैलाश पाण्डेय, डा उर्मिला रैस्वाल, वेद प्रकाश, प्रेम सिंह नयाल, विमला देवी, चन्दन सिंह मटियाली, दीवान सिंह बर्गली, तस्लीम अंसारी, गणेश राम, गोस्वामी, हेमा आर्य, हरक सिंह बिष्ट, मो परवेज, विमला पाण्डे, दुर्गा देवी, कौशल्या, पारवती,



भोला सिंह, दीपा, हीरा देवी, हेमा आर्य, दौलत सिंह, मंजू सिंह, गीता देवी, राधिका, हरीश, सरोज, पुष्पा, रेखा रानी, दीपा देवी, महेश राम, रेशमा , अनीता, कुलदीप सिंह, ललित प्रसाद, मुन्नी देवी, दिनेश चन्द्र, रेखा देवी, कमला देवी, दीपिका, रमेश चन्द्र, जाकिर, जेबा, राजदा, भागुली देवी, प्रेम राम आर्य, सुनीता, नईम बानो, दीवान सिंह, किशन, मुकेश, साहिब, रफी, मंजू, शांति देवी, भगवती देवी, लोकेश कुमार, कालू भाई, ईश्वर प्रसाद, रितिक भंडारी, लक्ष्मी, रेवाधर, कुलदीप आदि शामिल रहे।

# धर साधू का रूप, सीता को हर ले गया रावण

## सीताजी की खोज, राम जटायु संवाद, राम शबरी संवाद तक की लीला का मार्मिक मंचन हुआ







रूद्रपुर( उद संवाददाता)। मुख्य रामलीला में विगत रात्रि मारीच का स्वर्ण मर्ग बनकर पंचवटी पहुंचना, लक्ष्मण रेखा, सीता हरण व रावण द्वारा जटायु को घायल करनें, राम विलाप, सीताजी की खोज, राम जटायु संवाद, राम शबरी संवाद तक की लीला का का मंचन हुआ। विगत रात्रि की रामलीला का उद्घाटन मुख्य अतिथि नगर के फुट व्यापारी नानक चंद एंड कंपनी, श्री रामजी सीड्स, आर. जे. इंडस्ट्रीज के एमडी मनोज राजदेव ने सपरिवार दीप प्रज्जवलित कर किया। रामलीला कमेटी ने सभी अतिथिगणो को माल्यार्पण कर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मनित किया।पहले दृश्य में राम सीता और लक्ष्मण संग दंडक वन के पंचवटी में गुजर बसर कर रहें है। 13 वर्षो का वनवास बीत चुकी है, अब केवल एक वर्ष ही बचा है। सभी प्रसन्नतपूर्वक जीवनयापन कर रहें है। लेकिन इस प्रसन्नता को ग्रहण लगानें के लिये षडयंत्रकारी रावण के कहने से छल प्रपची मारीच स्वर्ण मृग बनकर पंचवटी पहुंचता है। सीता माता हो यह स्वर्ण मृग बहुत आकर्षिक करता है। वह राम से इस स्वर्ण मृग को पकडने का अनुरोध करती हैं तो स्वर्ण मृग घने वनों की तरफ भाग जाता है। सीता हठ करती है कि हे राम, आपको यह स्वर्ण मृग पकड़कर लाना होगा। राम मृग के पीछे घने वनों की तरफ दौड पडते है। वक्त बीतनें पर वनों के भीतर से राम की आवाज आती है... हे भ्राता लक्ष्मण मुझे बचाओ। बार बार यह आवाज छल प्रपची मारीच के मुख से आती है, लेकिन सीता घबरा जाती हैं और लक्ष्मण से राम को बचानें की गुहार लगाती है। लक्ष्मण इसे एक भ्रम बताते हैं लेकिन आखिरकार सीता माता के द्वारा बार बार कहनें एवं उलाहना देने के कारण उन्हें एक रेखा खेंचकर उसके भीतर रहने की ताकीद करते है। लक्ष्मण के घने वनों में जाते ही मायावी रावण साधू रूप धरकर पंचवटी पहुंचता है। लक्ष्मण रेखा को पार करने का प्रयास करते ही एक आकाशवाणी रावण को चेताती है, कि हे रावण, तू इस रेखा को पार करने हेतु छूने पर ही जलकर भस्म हो जायेगा। षडयंत्रकारी रावण अपनी एक और माया रचता है। साधू रूप में रावण बाहर आसन जमा लेता है और भिक्षा मांगता है। सीता उन्हें कुटिया के समीप आकर भिक्षा ग्रहण करने का आग्रह करती है तो वह कोधित होनें का नाटक कर राम को श्राप देने की धमकी देकर सीता को डरा देता है। भयभीत सीता के बाहर आते ही रावण अट्टाहस करते हुये अपनें असली रूप में आ जाता है। सीता लक्ष्मण रेखा के भीतर जाने का प्रयास करती हैं तो रावण कहता है कि जो स्त्री एक बार अपनी लक्ष्मण रेखा से बाहर आ जाती है, वह चाह कर भी भीतर नहीं जा पाती। दुष्ट रावण सीता का हरण कर ले जाता है। रास्ते में पक्षीराज जटायु उसे रोकने की कोशिश करता है तब रावण उसे भी गंभीर रूप से घायल कर दक्षिण दिशा को रवाना हो जाता है। इधर राम मारीच के छल को समझकर वापस लौटने लगते है तो उन्हें लक्ष्मण दिखते है। वह उन्हें कहते है कि मैं तो आपको कुटिया में छोड़कर आया था, आप यहां क्यों आये तो लक्ष्मण उन्हें उनकी चीत्कार और सीताजी की हठ के बारे मे बताते है। कुटिया में सीता को न पाकर राम अत्यन्त दुखी हो जाते है। वह उन्हें आसपास क्षेत्र में ढूंढते हैं तो उन्हें पक्षराज जटायु घायलावस्था में मिलते है। जटायु राम को बताते हैं कि लंकापति रावण सीता जी का हरण कर ले गया है। घायल जटायु राम के हाथों में दम तोड देते है। राम दक्षिण दिशा की तरफ बढ जाते है। रास्ते में उनकी मुलाकात माता शबरी से होती है, जो चिरकाल से भगवान राम की प्रतीक्षा में अपना आश्रम एकदम साफ रखती थीं। एक दिन शबरी को पता चला कि दो सुंदर युवक उन्हें ढूंढ रहे है, वे समझ गई कि उनके प्रभु राम आ गए है... वह भागती हुई अपने राम के पास पहुंची और उन्हें घर लेकर आई और उनके पांव धोकर बैठाया। शबरी श्री राम को कहती है की उसके गुरु ऋषि मतंग ने उसे बताया था कि एक दिन श्री राम अपनी पत्नी सीता को खोजते हुए एक दिन तुम्हारी कुटिया पर आएँगे और तुम्हें उन्हें बताना है की सीता की खोज करने के लिए उन्हें हनुमान की सहायता से सुग्रीव से मित्रता करनी होगी और सुग्रीव व हनुमान की सहायता से रावण पर विजय पाएँगे और माता सीता को पुनः पा लेंगे। शबरी माता के दिये हुए मीठे बेर राम को दिए राम ने बड़े प्रेम से वे बेर खाए और लक्ष्मण को भी खाने को कहा। लक्ष्मण को जूठे बेर खाने में संकोच हो रहा था, राम का मन रखने के लिए उन्होंने बेर उठा तो लिए लेकिन खाए नहीं। राम श्रष्यमुख पर्वत की दिशा की तरफ बढ़ जाते है। राम की भूमिका में मनोज अरोरा, रावण की भूमिका में विशाल भुड्डी, सीता की भूमिका में गौरव जग्गा, लक्ष्मण की भूमिका में राजकुमार कक्कड, शबरी की भूमिका में हरीश सुखीजा, मारीच की भूमिका में मोहन लाल भुड्डी, गणेश भगवान की भूमिका में आशीष ग्रोवर, जटायु की भूमिका में गोला ईदरीसी ने शानदार अभिनय कर उपस्थित जनसमूह का दिल जीत लिया। संचालन मंच सचिव विजय जग्गा व संदीप धीर ने किया। इस दौरान श्रीरामलीला कमेटी के अध्यक्ष पवन अग्रवाल, महामंत्री विजय अरोरा, कोषाध्यक्ष अमित गंभीर, समन्वयक नरेश शर्मा, सुशील गाबा, बीना बेहड, नीतू राजदेव, परी, रूही, अनिका, जियांश, गौरव तनेजा, अमित अरोरा बोबी, राजेश छाबडा, जगदीश टंडन, राकेश गंभीर, महावीर आजाद, राकेश सुखीजा, कर्मचन्द राजदेव, हरीश अरोरा, सुभाष खंडेलवाल, दिनेश खंडेलवाल, प्रेम खुराना, संजीव आनन्द, आशीष ग्रोवर आशू गौरव राज बेहड, सौरभ राज बेहड, मनोज गाबा, अमित चावला, आशीष मिड्ढा, सुभाष तनेजा, पुलकित बांबा, सुमित आनन्द, वैभव भुड्डी, रोहित नागपाल, सन्नी आहूजा,, कपिश सुखीजा, बिट्टू ग्रोवर, रवि अरोरा, रोहित जग्गा, सचिन तनेजा, वैभव ग्रोवर, अशोक भल्ला, बल्लू घीक, अभिषेक खेडा, विजय चिलाना, आशू गंभीर, पारस अरोरा, समप्रीत ग्रोवर, आलोक कालडा, सचिन गुम्बर, आदि उपस्थित थे।

## व्हील चेयर पर ही श्री राम कार्य में सेवा दे रहें है गोगी



रूद्रपुर। श्री रामलीला में विगत 3 दशकों से जोकर पार्टी में सेवा दे रहे गुरमीत नरूला गोगी विगत कुछ दिन पहलें सड़क दुर्घटना में घायल होने के के कारण व्हील चौयर पर है। पहले से ही दिव्यांग गोगी की दूसरी टांग का आपरेशन के कारण चलने फिरने में बिल्कुल असमर्थ है, लेकिन श्री रामलीला से जुडाव उन्हें पर्दे पर खेच ही लाया। जिंदादिल और हंसमुख व्यवहार के धनी गोगी व्हील चौयर पर ही अपनी हास्य कला का प्रर्दशन करते हुये जोकर की भूमिका को बखूबी निभा रहें है। जोकर की भूमिका के साथ साथ गोगी अपने सुमधुर कंठ से मातारानी के भजनों को भी गाकर जनता को नवरात्र की बधाई भी देते हैं।

## आज होगा राम-हनुमान महामिलन का मंचन

रूद्रपुर। प्राचीन मुख्य राम लीला में आज प्रभु रामचन्द्र जी व उनके अनादि भक्त हनुमान के महामिलन का सुंदर दृश्य दिखाया जायेगा। आज ठीक 9 बजे से राम-हनुमान महामिलन, हनुमान का राम लक्ष्मण को कंधे पर बैठाकर श्रष्यमुख पर्वत पर ले जाना, राम सुग्रीव मित्रता, सुग्रीव बाली युद्ध तथा बाली वध व अंगद विलाप तक की लीला का सुंदर मंचन दिखाया जायेगा। राम जी के पात्र की भूमिका में अनुभवी कलाकार मनोज अरोरा तथा हनुमान जी की भूमिका में अयोध्या तक पैदल यात्रा कर चुके सुप्रसिद्ध रामभक्त सुशील गाबा पर्दे पर आयेंगें।

# शेरां वाली दा द्वारा..सारे जग तों न्यारा

## पावन नवरात्रि के पांचवे दिन श्री दुर्गा मंदिर में भजनों में झूमें श्रद्धालु





रूद्रपुर( उद संवाददाता)। श्री दुर्गा मंदिर में पावन नवरात्रि के पांचवें दिवस पर मां भगवती के अर्द्धरात्रि जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय भजन गायक कलाकारों ने मां के भजन गाकर मां की महिमा का गुणगान किया। सर्वप्रथम पंड़ित नवीन शास्त्री द्वारा जजमानों जगदीश चन्द्र गुगलानी, श्रीमती सुदेश गुगलानी, केतन गुगलानी, शैली गुगलानी, दीपक खुग्गर, रीतू खुग्गर, राजेन्द्र गुगलानी, सुनीता गुगलानी, अपार गुगलानी, सानवी गुगलानी के साथ मां की विधिवत पूजा अर्चना करवाई। तत्पश्चात राकेश चिलाना हैप्पी ने गुरू वंदना, मां का आव्हान, गणेश वन्दना के बाद फूलों की वर्षा के भजन गाये। तत्पश्चात भजन गायक शुभम सक्सेना ने मां शारदे हम बालक हैं तेरे, सारी दुनियां में गूंजे शेरों वाली की जय जयकार, हो सकदा है मां आवे मां तो आने को तैयार है बुलाने वाला चाहिए, जो काम कोई कर न सका चुनरिया कर जायेगी, मेरे बांके बिहारी लाल तूं इतना न करियो श्रृंगार, कर के इशारे बुला गई रे बसाने की शैरी राधा गौरी आदि भजन गाकर मां की महिमा का गुण गान किया। अंत में आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर रेनू अरोरा, देवेन्द्र कुकरेती, गुरशरण बब्बर, किशन नारंग, जुगनू, कृष्ण मुरारी धीर, पवन गाबा, श्वेता गाबा, मुदित गाबा, अंजू ठक्कर, मंजू बाम्बा,आशा गाबा, मंजू बब्बर, वेद ठुकराल, श्याम मदान, कन्हैया लाल, कमल चिलाना, राजकुमार जिंदल, बीना वर्मा, प्रवीण गुलाटी, नीलम गुलाटी, कुसुम जग्गा, अंजनी मिश्रा, आरके वर्मा, सुमन लता, सुभाष ठुकराल, मनोरमा देवल, किरन अरोरा, रजनी नारंग, हैप्पी छावड़ा, प्रेम गुगलानी, मीनू गुगलानी, सुमन मदान, वर्षा अरोरा, गीता गुप्ता, पिंकी गोस्वामी, आंचल यादव, इन्द्रा यादव, सोनिया छावड़ा, निखिल गोपाल, प्रिया ठुकराल, अनीषा गुगलानी, मीनू गुगलानी, रीना गुगलानीदिलीप गुगलानी, आदि मौजूद थे।

# उत्तराखंड के महाविद्यालयों में लहराया भगवा

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की उत्तराखंड छात्रसंघ चुनावों में ऐतिहासिक विजय



देहरादून(उद संवाददाता)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) को उत्तराखंड में प्रदेशभर में आयोजित हुए छात्रसंघ चुनावों में शानदार सफलता मिली है। महाविद्यालयों में लहराए भगवा परचम से एबीवीपी कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह है। एबीवीपी संगठन का मानना है कि ये यह परिणाम छात्र-छात्राओं के उन संघर्षों और मुद्दों की विजय है, जिनके समाधान के लिए विद्यार्थी परिषद निरंतर सक्रिय रही है। प्रदेश के अधिकांश शैक्षिक संस्थानों में अभाविप के कार्यकर्ताओं ने प्रमुख पदों पर जीत दर्ज की है। इन सकारात्मक परिणामों से यह स्पष्ट है कि विद्यार्थियों ने राष्ट्र को तोड़ने वाली विभाजनकारी शक्तियों को अस्वीकार कर, राष्ट्रहित और छात्रहित में समर्पित विद्यार्थी परिषद के पैनल पर अपना विश्वास जताया है। उत्तराखंड छात्रासंघ चुनावों में सफलता विद्यार्थी परिषद के उन अथक प्रयासों का परिणाम है, जो छात्रों के वास्तविक मुद्दों पर कार्य करते हैं। विगत समय में विद्यार्थियों के गंभीर समस्याओं पर अभाविप के कार्यकर्ताओं ने न केवल प्रमुखता से आवाज उठाई, बल्कि समाधान के लिए निर्णायक संघर्ष भी किया। विद्यार्थी परिषद सदैव छात्र हितों की रक्षा के लिए विद्यार्थियों के बीच रहकर, उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी रही है और इसी अटूट विश्वास ने आज इस ऐतिहासिक जीत का मार्ग प्रशस्त किया है। अभाविप इस जीत के लिए समस्त छात्र-छात्राओं का हार्दिक आभार व्यक्त करती है और उन्हें विश्वास दिलाती है कि यह केवल एक चुनावी विजय नहीं अपितु बड़ी जिम्मेदारी की शुरुआत है। विद्यार्थी परिषद शैक्षिक परिसरों में सकारात्मक एवं रचनात्मक वातावरण के निर्माण तथा छात्रों के अधिकारों की रक्षा के लिए दोगुनी ऊर्जा और समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का मानना है कि ये देवभूमि में राष्ट्रवाद की जीत है। ये राज्य सैनिक बाहुल्य है। सनातन संस्कृति से ओतप्रोत है, महाविद्यालयों में प्रचंड जीत से राज्य में न सिर्फ विद्यार्थियों में बल्कि युवाओं में भी भारी उत्साह देखा गया है ।अभी तक मिल रही सूचनाओं के मुताबिक श्रीनगर गढ़वाल विश्व विद्यालय, डीएवी पीजी कॉलेज देहरादून ऋषिकेश महाविद्यालय, कोटद्वार महा विद्यालय ,पिथौरागढ़ महाविद्यालय, खटीमा महा विद्यालय, लोहाघाट महाविद्यालय, टनकपुर महाविद्यालय आदि में अखिल भारतीय विद्या परिषद के द्वारा जीत दर्ज कर ली है। एबीवीपी की इस जीत ने उत्तराखंड में चल रहे वामपंथी दुष्प्रचार को करारा जवाब दिया है जिसने भगवा को लेकर दुष्प्रचार शुरू किया था। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने महाविद्यालयों में एबीवीपी की जीत को राष्ट्रवाद की सनातन की जीत बताते हुए , विजय प्रत्याशियों को शुभ कामनाएं दी है।

## रूद्रपुर छात्रसंघ संघ अध्यक्ष पद रजत ने लहराया परचम

रुद्रपुर। स.भगत सिंह स्नात्कोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को सम्पन्न हुए छात्रसंघ के चुनाव में रजत सिंह बिष्ट अध्यक्ष पद पर तो जसवंत सिंह ने सचिव पद पर जीत हासिल की। जबकि उपाध्यक्ष छात्र पद पर चेतन भट्ट, उपाध्यक्ष छात्रा पद पर सोनिया मण्डल, कोषाध्यक्ष पद पर अभिषेक राय, संयुक्त सचिव पद पर मोहन कोली, कला संकाय प्रतिनिधि पद पर पूजा कूड़ाई, विज्ञान संकाय प्रतिनिधि पद पर धीरज जोशी वाणिज्य संकाय प्रतिनिधि पद पर दक्ष कालरा, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि पद पर मोहित चन्द्र भट्ट व सांस्कृतिक सचिव पद पर आकांक्षा चौधरी ने जीत हासिल की। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रो. सर्वजीत सिंह व सहायक चुनाव अधिकारी डा. आशा राणा तथा डा. प्रदीप कुमार ने बताया कि कुल 8551 मतदाताओं में 3484 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। रात लगभग



10 बजे तक चली मतगणना में अध्यक्ष पद पर रजत बिष्ट को 1737 मत व नागेन्द्र गंगवार को 1646 मत मिले। चुनाव परिणाम घोषित करने के बाद सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को प्राचार्य प्रो. एएन जोशी ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई। गौरतलब है कि छात्रा उपाध्यक्षा पद पर पहले गायत्री टम्टा के जीतने की खबर सोशियल मीडिया पर प्रसारित हुई थी। परंतु इसके बाद सोनिया मण्डल को शपथ दिलाने से गायत्री टम्टा के समर्थकों में भारी रोष व्याप्त हो गया। गायत्री का कहना था कि वह हर राउण्ड की गिनती में आगे चल रही थी और जीत भी गई जबकि कालेज प्रशासन ने सोनिया मण्डल को जिता दिया है। उसके साथ अन्याय हुआ है। उधर चुनाव प्रभारी सर्वजीत सिंह का कहना है कि मतगणना के दौरान तकनीकी खामियों के कारण गायत्री को जीता दिखा दिया गया था। जिसमें बाद में सुधार कर सोनिया को विजयी घोषित किया गया।

## छात्रसंघ चुनाव में मेयर टीम की रणनीति रही जीत की कुंजी

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। छात्रसंघ चुनाव में अध्यक्ष पद पर रजत बिष्ट की शानदार जीत के पीछे मेयर विकास की सक्रिय रणनीति और लगातार मेहनत मुख्य कारण मानी जा रही है। चुनाव से पूर्व कई दिनों तक मेयर समर्थित नेताओं मानते हैं कि मेयर विकास शर्मा की टीम ने 'सटीक रणनीति' के तहत चुनाव में रणनीतिक स्तर पर तैयारी की थी। प्रचार की हर बारीकी पर ध्यान देते हुए छात्रों के बीच संगठन और जनसंपर्क को मजबूती दी गई। परिणामस्वरूप अंततः निर्णायक जीत रजत बिष्ट के खाते में गई। छात्र संघ चुनाव







शर्मा और उनके उनके टीम का महत्वपूर्ण भूमिका रही रजत बिष्ट ने अपने प्रतिद्वंद्वी नागेंद्र गंगवार को 110 मतों से पराजित किया। चुनाव में रजत बिष्ट को कुल 1740 मत प्राप्त हुए, जबकि गंगवार को 1636 मतों से संतोष करना पड़ा। रजत बिष्ट की जीत के पीछे मेयर विकास शर्मा की टीम ने लगातार कॉलेज और छात्रसंघ स्तर पर कार्य किया। इस दौरान टीम में शामिल पूर्व छात्र संघ सचिव पारस चुघ और पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अंकुश गुंबर ने अहम भूमिका निभाई। दोनों नेताओं ने रजत बिष्ट को विजयी बनाने के लिए दिन-रात एक कर चुनावी माहौल को अपने पक्ष में कियाजानकार परिणाम आने के बाद मेयर खेमे में भी खुशी की लहर दौड़ गई और छात्रों ने अपने नए अध्यक्ष का स्वागत किया। रजत बिष्ट ने जीत के बाद कहा कि यह जीत छात्रों की जीत है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वह छात्र हितों को प्राथमिकता देते हुएकॉलेज की हर समस्या हल करने के लिए संघर्ष करेंगे।

## गदरपुर राजकीय महाविद्यालय में सौम्या बनी छात्र संघ अध्यक्ष

गदरपुर(उद संवाददाता)। राजकीय महाविद्यालय गदरपुर में पहली बार हुए छात्र संघ चुनाव के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। अध्यक्ष पद पर सौम्या ने अपने निकटतम



प्रतिद्वंद्वी साजिया को 34 मतों से हराकर जीत हासिल की। संयुक्त सचिव पद पर मोहित और सचिव पद पर सजना विजयी हुईं। अध्यक्ष पद पर सौम्या को 145 मत मिले, जबकि साजिया को 111 मत प्राप्त हुए। इस तरह सौम्या 34 मतों से विजयी घोषित की गईं। संयुक्त सचिव पद पर मोहित को 144 मत मिले, जबकि सोएब को 112 मत मिले। मोहित 32 मतों से विजयी घोषित किए गए। सचिव पद पर सजना को 143 मत मिले, जबकि फिजा को 110 मत मिले। सजना 33 मतों से विजयी घोषित हुईं। उपाध्यक्ष पद पर कुमारी पूजा, छात्रा उपाध्यक्ष पर कुमारी कंचन, कोषाध्यक्ष पद पर मो. फहद और विश्व विद्यालय प्रतिनिधि कु. काजल पहले ही निर्विरोध निर्वाचित हो चुकी हैं। गदरपुर राजकीय महाविद्यालय की स्थापना 2021 में हुई थी और यह पहला छात्र संघ चुनाव था। इससे छात्र-छात्राओं में काफी उत्साह देखा गया और 261 छात्र-छात्राओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कुल 325 छात्र-छात्राओं में से 80.37 प्रतिशत ने मतदान में भाग लिया।

## रूद्रा इन्कलेव में मां भगवती जागरण की धूम

रूद्रपुर। वार्ड नंबर एक फुलसुंगा स्थित रूद्रा इक्लेव में शनिवार रात मां भगवती का आठवां विशाल जागरण आयोजित किया गया। जिसमें पूरी रात श्रद्धालु भजनों पर झूमते रहे। इस दौरान भव्य झांकियों ने मंत्रमुग्ध कर दिया। जागरण में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। जागरण का शुभारम्भ विधिवत दीप प्रज्वलित करके किया गया। जागरण में रूद्रपुर के भजन गायक महेन्द्र कुमार, मुकेश दीक्षित एवं नीलम गंगोला ने माता के सुंदर भजनों की प्रस्तुति देकर माहौल को भक्तिमय कर दिया। भजन गायकों ने हिंदी, कुमांऊनी, भोजपुरी और पंजाबी भजनों से समां बांध दिया। मैया मेरी दुनिया है तेरे आंचल में.., आज तेरा जगराता मां, मेरी मैया का दरबार.. जैसे कई भजनों पर श्रद्धालु झूमने को मजबूर हो गये। जागरण में बतौर मुख्य अतिथि



पहुंचे पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल का आयोजकों ने स्वागत करते हुए उन्हें अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने निरंतर आठ वर्षों से जागरण के सफल आयोजन पर कालोनीवासियों को बधाई दी। उन्होनें कहा कि ऐसे आयोजनों से युवा पीढ़ी धार्मिक रूचि बढ़ती है। उन्होंने कहा कि नवरात्र पर मां भगवती के पूजन का विशेष फल मिलता है। मां दुर्गा ने आसुरी शक्तियों का नाश किया था। आज भी समाज के अंदर विभिन्न बुराईयां हैं, इन्हें समाप्त करने की जरूरत है। नवरात्र पर सभी को अपने भीतर की बुराईयों को दूर करने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने युवा पीढ़ी का आहवान करते हुए कहा कि मां भगवती के जागरण में आकर नशे से दूर रहने का संकल्प लेकर जायें। उन्होंने मातृ शक्ति का आहवान करते हुए कहा कि बच्चों को धर्म और संस्कृति का ज्ञान देकर उन्हें एक आदर्श नागरिक बनायें। उन्होंने कहा कि आज पाश्चात्य का प्रभाव युवा पीढ़ी पर तेजी से बढ़ रहा है और युवा पीढ़ी अपनी धर्म और संस्कृति से विमुख होती जा रही है। यह भविष्य के लिए अच्छा संकेत नहीं है। युवा पीढ़ी को भ्रमित होने से बचाने के लिए सभी को प्रयास करना करना होगा। जागरण में इस अवसर पर सोसायटी के अध्यक्ष अजय यादव, समाजसेवी संजय ठुकराल, धर्मेन्द्र गंगवार, सुरेन्द्र यादव, हरिओम गंगवार, नरोत्तम झा, जगदीश चन्द्र, देवेश दत्त शर्मा, उपेन्द्र गिरी, मुरली यादव, सीएम पाण्डे, योगेन्द्र यादव, एलबी यादव, जेपी सिंह, राजेश सिंह, दुष्यंत, महेन्द्र यादव, सुधरीर सिंह, बृजेश यादव,टीके सिंह, टी के शर्मा, अंकित कौशिक सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## आरएएन में 'मात्रिदेवो भव:'पर आधारित विशेष प्रस्तुति ने किया मंत्रमुग्ध

रुद्रपुर। आर.ए.एन. पब्लिक स्कूल, भुरारानी में कक्षा तृतीय के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों द्वारा 'मात्रिदेवो भव:' विषय पर एक भव्य एवं भावनात्मक प्रस्तुति का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ, जिसमें भारतीय संस्कृति की आदर्श परंपराओं की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई दी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती व्योमा जैन (पीसीएस, जिला प्रोबेशन अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग) रहीं। इस अवसर को विशेष बनाने हेतु विंग कमांडर एच.के. राय (अध्यक्ष, आर.ए.एन. पब्लिक स्कूल



एजुकेशन सोसाइटी), श्रीमती मधु भनोट (मेंटोर एवं मार्गदर्शक), डॉ. रत्नेश सिंह (अध्यक्ष, चाइल्ड वेलफेयर कमेटी, रुद्रपुर), श्रीमती ज्योति राणा, श्रीमती नीलम राय, डॉ. प्रीति अरोड़ा, श्रीमती स्वाति सिदाना एवं श्रीमती रेखा कर्नाटक जैसे गणमान्य अतिथि भी उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने चारों युगों की महान माताओं के त्याग, प्रेम, साहस और प्रेरणा से भरे जीवन प्रसंगों का अत्यंत प्रभावशाली मंचन किया। सत्ययुग में माता दुर्गा के शौर्य और माता गंगा के पृथ्वी पर अवतरण को जीवंत किया गया। त्रेतायुग में रानी लक्ष्मीबाई के अदम्य साहस और पन्ना धाय के महान बलिदान को दर्शाया गया। द्वापरयुग में माता यशोदा के वात्सल्य और कृष्ण के प्रति उनके स्नेह को भावनात्मक रूप से प्रस्तुत किया गया। अंत में, कलियुग में आधुनिक माताओं के संघर्ष, समर्पण और प्रेरणादायक योगदान को अत्यंत मार्मिक ढंग से मंचित किया गया। कक्षा तृतीय के प्रत्येक विद्यार्थी की सक्रिय भागीदारी ने पूरे मंच को उत्साह, उमंग और जीवंतता से भर दिया। बच्चों का आत्मविश्वास, अभिव्यक्ति और अभिनय कौशल दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर गया। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती भावना भनोट ने सभी अतिथियों का हार्दिक स्वागत करते हुए कहा कि "मात्रिदेवो भव: केवल एक श्लोक नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति की आत्मा है। सत्ययुग से कलियुग तक माँ सदा प्रेम, त्याग, साहस और ज्ञान की प्रतीक रही हैं। हमारे विद्यार्थी अपने प्रदर्शन से यह सिद्ध कर रहे हैं कि मातृत्व हर युग में समाज, परिवार और राष्ट्र के निर्माण में केंद्रीय भूमिका निभाता रहा है। कार्यक्रम को देखकर अभिभावक भी अपने बच्चों के आत्मविश्वास, प्रस्तुति क्षमता और भावनात्मक अभिव्यक्ति से अभिभूत हो उठे। मुख्य अतिथि श्रीमती व्योमा जैन ने विद्यार्थियों के प्रयासों और शिक्षकों के परिश्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों से बच्चों को भारत की गौरवशाली विरासत, महान विभूतियों के त्याग और मूल्यों की समझ विकसित होती है।

# छठी नवरात्रि पर मां भगवती जागरण में झूमे श्रद्धालु

रुद्रपुर। नवरात्रि के पावन पर्व पर श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम शुक्रवार देर रात वार्ड नं. 1 कौशल्या फेस-1 और वार्ड नं. 16 गणेश गार्डन में देखने को मिला। छठी नवरात्रि के कार्यक्रम में भजन गायकों द्वारा प्रस्तुत ष्मैया के दरबार में आया हूं मुरादें लेकर. .. जैसे भजनों पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे। अपने संबोधन में ठुकराल ने कहा कि नवरात्रि केवल धार्मिक पर्व के लिए हृदय से बधाई देता हूं। वार्ड नं. 1 में आयोजित जागरण में माहौल पूरी तरह भक्तिमय रहा। संजय ठुकराल, गगन ग्रोवर, रूद्राकोली, ललित दुमका, रोहित पांडे, हेमेंद्र गंगवार, संदीप नं. 16 गणेश गार्डन में आयोजित जागरण भी भव्यता में पीछे नहीं रहा। यहां कार्यक्रम में दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री उत्तम दत्ता, बंगाली समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष दलीप अधिकारी, गणेश गार्डन




अवसर पर मां भगवती के जागरण में सैकड़ों श्रद्धालु देर रात तक भजनों की गूंज में झूमते नजर आए। दोनों कार्यक्रमों में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के पहुंचने पर कॉलोनीवासियों ने उनका भव्य स्वागत किया। उन्होंने मां भगवती के चरणों में माथा टेककर सभी श्रद्धालुओं और क्षेत्रवासियों के लिए सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक है। जब हम मां भगवती की भक्ति में लीन होते हैं, तो हमारी आत्मा शुद्ध होती है और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इस तरह के आयोजनों से नई पीढ़ी को हमारी परंपराओं से जोड़ने का अवसर मिलता है। मैं आयोजन समिति और क्षेत्रवासियों को इस भव्य आयोजन थपलियाल, पूरन चंद्र पंत, लक्ष्मी दत्त सूतेड़ी, नेहा पांडे, गीता रौतेला, मुकेश बेलवाल, ज्योति सिंह, यतेन्द्र सिंह, योगेश चौहान, अवधेश पांडे, अमर शुक्ला, शैलेंद्र शुक्ला, संदीप सिंह, रूपाली चौहान, रूहानी शर्मा, कंचन हरबोला और योगेश त्यागी जैसे सामाजिक कार्यकर्ता व गणमान्य लोग विशेष रूप से उपस्थित रहे। वहीं वार्ड सोसायटी के अध्यक्ष रामकुमार, संजय ठुकराल, गगन ग्रोवर, मनीष ठक्कर, प्रभाकांत दुबे, सुनील शर्मा, महेंद्र आर्य, अजय सिंघल, अभय, जगदीश यादव, मेवाड़ी जी, ज्ञानेश, सुबोध सिंह, विक्की रावल, योगेश यादव, अनिल मिश्रा, विनोद यादव, प्रमोद गोस्वामी और ओम शंकर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# संजीव ने किया मां दुर्गा पूजा का शुभारंभ

किच्छा। वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव कुमार सिंह ने लालबाग कालोनी में आयोजित श्री दुर्गा पूजा कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर विधिवत फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और मां दुर्गा के चरणों में नमन कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान कार्यक्रम आयोजक समिति ने अतिथि संजीव सिंह को अंगवस्त्र ओढ़ा कर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर भाजपा नेता संजीव सिंह ने सभी को नवरात्रि एवं दशहरा पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भक्ति भाव से एकजुट होकर मां दुर्गा की निस्वार्थ भाव से आराधना कर मां दुर्गा



का आशीर्वाद प्राप्त करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम नारी शक्ति के सम्मान का प्रतीक होने के साथ-साथ अच्छे स्वास्थ्य के लिहाज से मानसिक शुद्धि और अनुशासित जीवन शैली की शुरुआत करने का भी एक बेहतरीन अवसर है। उन्होंने कहा कि यह पर्व धार्मिक परंपराओं से जुड़ा है, आधुनिक युग में सनातन धर्म, संस्कृति की प्रासंगिकता कहीं अधिक व्यापक और सार्थक हो गई है, मां दुर्गा पूजन धर्म, शक्ति, भक्ति और आत्मोत्थान का महायोग है। कार्यक्रम में कमेटी सदस्य राजेंद्र कुमार, जीवन सिंह, अमित कुमार, बबलू सिंह, अंशु सिंह, नवीन सिंह, धनंजय सिंह, किशन लाल, रमेश कुमार, रवि कुमार, करण सिंह आदि मौजूद रहे।

# दीपावली तक सोने की कीमतों में आएगा भारी उछाल : सचदेवा

गदरपुर(उद संवाददाता)। सर्राफा व्यापारी रवि सचदेवा ने बताया कि कुछ विश्लेषणों का मानना है कि सोने की कीमतें बढ़ने वाली है इसलिए अभी सोना खरीदना फायदेमंद हो सकता है भू राजनीतिक तनाव और वैश्विक आर्थिक चिंताएं और आर्थिक अनिश्चितता के समय निवेशक सोने को सुरक्षित निवेश मानते हैं जिससे इसकी मांग और कीमत बढ़ती है, कई



केंद्रीय बैंक सोने की बड़ी मात्रा में खरीदारी कर रहे हैं जो सोने की कीमतों में वृद्धि का एक प्रमुख कारण है रवि सचदेवा ने बताया कि कई विश्लेषक 2025 के अंत तक सोने की कीमत में और वृद्धि की उम्मीद जाता रहे हैं इसलिए सोने की कीमतों में वृद्धि के चलते अभी सोना खरीदना एक अच्छा निवेश विकल्प हो सकता है उन्होंने बताया कि सर्राफा बाजार गदरपुर में आनंद ज्वेलर्स पर पहुंचकर आप सोने चांदी के आभूषण की आज के रेट के हिसाब से एडवांस बुकिंग भी कर सकते हैं दरअसल पिछले 1 साल में सोना करीब 46% महंगा हो चुका है हैरानी तो इस बात की होती है कि इस साल यानी 2025 में ही सोने की कीमत 40% तक बढ़ चुकी है 1 साल पहले 241 कैरेट10 ग्राम गोल्ड की कीमत करीब 75 हजार रुपए थी जो बढ़कर अब 110000 को पार कर चुकी है रवि सचदेवा ने क्षेत्र की सम्मानित जनता और ग्राहकों से अपील भी करी है कि वह एक बार सराफा मार्केट आनंद ज्वेलर्स पर आए और अपनी आवश्यकता अनुसार समय से एडवांस बुकिंग या खरीदारी करे।

# गल्ला मंडी एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी गठित

गदरपुर(उद संवाददाता)। गल्ला मंडी एसोसिएशन में नई ऊर्जा का संचार करते हुए अशोक हुड़िया को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। अध्यक्ष पद संभालते ही उन्होंने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए नई टीम की घोषणा की। अशोक हुड़िया ने उपाध्यक्ष पद पर टीकम खेड़ा, बंटी पोपली और किशन लाल सुधा को जिम्मेदारी सौंपी। महासचिव पद पर अशोक धीर को नियुक्त किया गया, जबकि सचिव पद पर अमरीक कालड़ा, सुभाष खुराना और लेखराज कंबोज को नियुक्त किया गया। राजेश अग्रवाल कोषाध्यक्ष और संजीव अनेजा सह कोषाध्यक्ष बनाए गए। गौरव गुंबर, परविंदर सिंह बत्रा, रूपेश कुमार वधवा और धीरज कुमार को सदस्य पद पर शामिल किया गया है। अध्यक्ष अशोक हुड़िया ने कहा कि



आने वाले समय में मंडी की सभी कमियों को दूर किया जाएगा और व्यापारियों के हितों की रक्षा की जाएगी। नई कार्यकारिणी को लेकर व्यापारियों में उत्साह का माहौल देखा गया। अशोक हुड़िया ने भरोसा दिलाया कि एसोसिएशन व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहेगी और किसी भी आढ़ती या व्यापारी को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

# साहू समाज ने आयोजित किया स्वरोजगार शिविर

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। महिला साहू समाज जन कल्याण समिति द्वारा साहू समाज की महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए नि:शुल्क स्वरोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें महिला






अध्यक्ष श्रीमती शशि साहू,गणेश प्रसाद साहू तथा बाला दत्त के माध्यम से समाज में जो बच्चे विद्यालय में अध्यनरत हैं उनके जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, स्थाई निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की तथा प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री रोजगार संबंधी तथा श्रमिक विभाग द्वारा जारी किए जाने वाले श्रमिक कार्ड और कार्ड बन जाने के बाद उन कार्डों से मिलने वाली सुविधाओं तथा विभिन्न प्रमाण पत्रों को बनाने से पूर्व उनमें लगने वाले कागजों को बनाने से संबंधित जानकारी प्रदान की।अध्यक्ष श्रीमती शशि साहू ने मौलिक अधिकारों के साथ कर्तव्यों की जानकारी दी।संरक्षक दशरथ प्रसाद साहू एवं अध्यक्ष ओम प्रकाश साहू ने सभी



महिलाओं की सीखने की लगन और मेहनत को देखते हुए उन्हें सुनहरे भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर प्रशिक्षण प्रदान कराने वाली प्रशिक्षक ऊषा पाठक, ममता जोशी, समिति की पूजा साहू, नीतू राठौर, सुनीता साहू, संगठन वंदना साहू, प्रियंका राठौर, रेखा साहू, बीना साहू, लक्ष्मी साहू, रूपा साहू, निधि साहू, प्रगति साहू, पलक साहू आदि मौजूद रहे।

# शिव मंदिर रामलीला में सीता हरण का मंचन

गदरपुर(उद संवाददाता)। शिव मंदिर रामलीला कमेटी द्वारा गत रात्रि में सीता हरण का सजीव मंचन किया गया। मंचन में रावण की भूमिका मिकी भगत एवं साधु रावण का रोल संजीव नागपाल ने प्रभावशाली ढंग से निभाया। उत्साह कई गुना बढ़ा दिया। इस अवसर पर शिव मंदिर रामलीला कमेटी के पदाधिकारी द्वारा विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे एडवोकेट अजय गाबा एवं रवि सचदेवा को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान गणमान्य



सीता की भूमिका में वंश गुप्ता, मेघनाथ के रूप में कुणाल ग्रोवर तथा श्री राम के रूप में शुभम गगनेजा ने अपने शानदार अभिनय से सैकड़ों की संख्या में उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। तालियों की गड़गड़ाहट ने कलाकारों का व्यक्तियों के नामों में नरेंद्र ग्रोवर, प्रवीण भगत, राकेश चावला, वेद भगत, निशांत सिंघल, राजकुमार शर्मा रहे। कार्यक्रम का मंच संचालक जसपाल डोगरा एवं ज्योति अरोड़ा ने बड़े ही संयमित और रोचक अंदाज में किया।

# चुघ ने कार्यकर्ताओं के साथ सुनी पीएम मोदी की मन की बात

रुद्रपुर। आज मन की बात के 126 वें संस्करण का प्रसारण किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय संस्कृति ,धर्म ,स्वदेशी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से लेकर कई विषयों पर विस्तार से चर्चा की जिसको सभी ने सुना और देखा। वार्ड नंबर 4 बूथ संख्या 107 मुखर्जी नगर ट्रांजिट कैंप में दिलीप अधिकारी के निवास पर भी मन की बात कार्यक्रम को सभी ने सुना। भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश ऐसे संयोजक भारत भूषण चुघ ने कहा कि जिस प्रकार से मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री देश की उपलब्धियां को बताकर एक आम व्यक्ति से सीधा संवाद करते हैं वह हर व्यक्ति के दिल को छू जाता है। पीएम मोदी ने शहीद भगत सिंह और भारत रत्न लता मंगेशकर के बारे में भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि लता दीदी भारतीय संस्कृति और संगीत की मिसाल थी। उन्होंने जो देशभक्ति के गीत गए उसे पूरा देश प्रेरित हुआ। लता जी वीर सावरकर से प्रभावित थी। पीएम मोदी



ने लता मंगेशकर के एक गीत ज्योति कलश छलके का जिक्र भी किया। और कहा कि यह प्रतिवर्ष उन्हें रक्षाबंधन पर राखी भेजती थी। उन्होंने कहा कि सरदार भगत सिंह बेहद संवेदनशील थे और वीरता तथा साहस का पर्याय थे। चुघ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने नवरात्र पर शुभकामनाएं देते हुए कहा यह नारी शक्ति की उपासना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि देश की बेटियां आज हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही हैं और भारतीय नौसेना की लेफ्टिनेंट कमांडर दिन्ना और रूपा ने सागर परिक्रमा कर इतिहास रच दिया है। पीएम मोदी ने भारतीय पर्व और त्योहार के बारे में बताया। यह भारतीय संस्कृति को जीवंत करते हैं और छठ पूजा आज पूरे विश्व में धूमधाम से मनाई जाती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयं संघ सेवक संघ शताब्दी वर्ष मनाएगा जिसकी यात्रा अभूतपूर्व है। 1925 में डॉक्टर केशव राव बलिराम हेडगेवार ने आरएसएस की स्थापना की थी जो सदैव राष्ट्र प्रथम के साथ राष्ट्र सेवा के कार्य करता है। पीएम मोदी ने असम के गायक भूपेन हजारिका और जुबीन गर्ग को भी श्रद्धा सुमन अर्पित किए।इसके अलावा मोदी ने अन्य भी कई विषयों पर चर्चा की। इस दौरान सविता अधिकारी, कृष्ण पद विश्वास, दीपक कीर्तनीया, सुरेश कुशवाहा, प्रदीप शाह, अजय गंगवार, राज चक्रवर्ती आदि मौजूद थे।

## पेज एक का शेष...

**पेपर लीक आंदोलन..** हजार युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के प्रयासों से राज्य में एक लाख करोड़ रुपये का निवेश धरातल पर उतर चुका है। इससे अब तक 81 हजार से अधिक रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं। धरना स्थल पर जिस तरह से नारेबाजी और राजनीतिक रंग देखने को मिल रहा है, उसने आंदोलन की दिशा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जहां अभ्यर्थी अब भी निष्पक्ष परीक्षा और पारदर्शिता की मांग कर रहे हैं, वहीं बाहरी संगठनों की सक्रियता से आंदोलन का मूल मुद्दा कहीं दबता नजर आ रहा है। सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता के बीच यह देखना होगा कि आने वाले दिनों में यह विरोध अपनी असली दिशा बनाए रख पाता है या फिर पूरी तरह राजनीति की भेंट चढ़ जाता है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)





# सारी दुनिया से हम बेगाने है ,हम झंडे वाली के दीवाने है

## शारदीय नवरात्र के उपलक्ष में श्री नीलकंठ धाम में सज रही माता की चौकी, खूब बह रही भक्ति की रस धारा

रुद्रपुर। शारदीय नवरात्र के उपलक्ष्य में श्री नीलकंठ धाम मंदिर में शनिवार रात्रि माता की चौकी एवं दरबार का भव्य आयोजन हुआ। इस अवसर पर सैकड़ों भक्तों ने पहुंचकर महामाई और भोले बाबा का गुणगान किया। पूरा वातावरण भक्ति रस में सराबोर हो उठा और श्रद्धालु भजनों पर झूमते नजर आए। शनिवार की रात्रि श्रीमती इंद्रजीत कौर के परिवार की ओर से श्री नीलकंठ धाम मंदिर में माता की चौकी एवं दरबार सजाया गया। माता की चौकी और दरबार में सर्वप्रथम ज्योत प्रज्जवलित कर श्री गणेश वंदना,श्री राम स्तुति, हनुमान चालीसा, श्री बालाजी महाराज, श्री भैरवनाथ और श्री प्रेतराज की आरती के साथ शुरू हुए दरबार में माता रानी, भोलेनाथ बालाजी महाराज के सुंदर-सुंदर भजन का गुणगान कर उपस्थित भक्तों को झूमने नाचने पर मजबूर कर दिया। विनीत अरोरा ने खुश होंगे हनुमान राम राम किये जा, कालका माँ मुझे तेरी जरूरत है,सुमित वार्ष्णेय ने हम झंडे वाली के दीवाने है,आओ चले अमरनाथ सारे, भोले बाबा के द्वारे,वंशिका मनोचा ने माँ ने धरा रूप विक्राल,हाथ पकड़ ले सांवरा कही छूट ना जाए सहित कई भजन सुनाते हुए श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। दरबार में महंत विकास शर्मा पर आई भोले बाबा, माता रानी और बाला जी महाराज की शक्तियों से भक्तों ने आशीर्वाद प्राप्त कर सुख शांति की कामना की। दरबार में मनोज छाबड़ा, अमित अरोड़ा बॉबी, आकाश कटारिया, राकेश सुखीजा,जगदीश बठला, संजय ठुकराल,विवेक दीप सिंह, सोनू, सचिन खुराना, राजन राठौड़, सुनील ठुकराल, सीए करुण गुप्ता,पम्मी सुखीजा, हरवेश मनोचा, संदीप मनोचा, ललित नारंग, समीर गौड,मोहित अरोड़ा, विजय तोमर, दीपक शर्मा,राजीव मनोचा,अनुज शर्मा,रोहित मदान, देवेंद्र गिरी,मुकेश शर्मा,चंदन सक्सेना, अमन खुराना, दीपक पुंशी,हरजीत राठी, पवन खनिजों, पवन रंगीला, सुशील नारंग, राघव बठला,गौरव खुराना, सोनू,संदीप वाल्मीकि, मुकेश भटनागर, काशीराम, रवींद्र वार्ष्णेय, मीना वार्ष्णेय, यशी वार्ष्णेय,सीमा नारंग, संगीता बठला, सिमरन बठला, कंचन नारंग,पूनम मदान,नीलू खुराना, गीता शर्मा,भूमिका शर्मा,सुमन मनोचा, अनीता मनोचा, विमला रेशू सक्सेना,श्वेता, नेहा अरोड़ा, प्रिया मनोचा, मोना खुराना, राजेंद्र कौर, गुरमीत कौर,इंद्रजीत कौर, मुस्कान खनिजों, सीमा रानी,राम बेटी, चिका शर्मा, शालू राठी, सहित सैकड़ो की संख्या में भक्त भक्तानिया मौजूद थी।







# गगन रतनपुरिया पुलिस मुठभेड़ में घायल ,पैर में लगी गोली

## महाविद्यालय में मारपीट ,फायरिंग के मामले का आरोपी हैं रतनपुरिया

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। महाविद्यालय में नामांकन के दौरान हाईवे पर जाम और मारपीट के साथ ही फायरिंग करने में नामजद किच्छा निवासी गगन रतनपुरिया को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है।दोनों ओर से कई राउंड फायरिंग हुई। जिसमें गगन ने पुलिस पर चार राउंड फायर किए। बाद में उसके पास से पुलिस ने तमंचा और कारतूस भी बरामद किया। साथ ही उसे घायल अवस्था में उपचार के लिए सितारगंज अस्पताल में भर्ती कराया है। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने अस्पताल पहुंचकर जानकारी ली। बुध वार को सरदार भगत सिंह राजकीय महाविद्यालय में छात्रसंघ चुनावों को लेकर नामांकन था। इस दौरान छात्रसंघ अध्यक्ष के दोनों प्रत्याशियों के समर्थकों ने हाईवे पर यातायात बाधित कर दिया था। साथ ही उनके बीच हुई मारपीट के बाद एक पक्ष के जस्सी कचूरा और दूसरे पक्ष के सतपाल लाहौरिया ने फायरिंग कर दी थी। मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों के जस्सी कचूरा, मनप्रीत उर्फ गोपी, अभय सक्सेना उर्फ चाईना, दानिश, गगन रतनपुरिया, चेतन मांगड़, अमृत चीमा, विक्रम, पार्षद जानी भाटिया, प्रिंस शर्मा, सतपाल लाहौरिया उर्फ पिंदर, हेमंत उर्फ नोनू मिश्रा, रवि रावत, आकाश यादव, आशीष यादव के विरुद्ध प्राथमिकी पंजीकृत कर तलाश शुरू कर दी थी। शुक्रवार को पुलिस ने नामजद दानिश के साथ ही प्रकाश में आए रखवीर सिंह और गुरपेज सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जबकि फरार चल रहे 14 नामजद आरोपितों की तलाश में पुलिस लगातार कार्रवाई जुटी हुई है। शनिवार रात को सूचना मिली कि फायरिंग में मारपीट में नामजद आरोपी गगन रतनपुरिया किच्छा से होते हुए सितारगंज की ओर जा रहा है। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस को देखकर गगन रतनपुरिया ने चार राउंड फायरिंग कर दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की तो एक गोली उसके पैर में लगी और वह घायल हो गया। पुलिस ने उसके बाद से तमंचा और कारतूस बरामद किया। पुलिस ने साथ ही उसे उपचार के लिए सितारगंज अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूत्र बताते हैं कि रतनपुरिया के साथ कई अन्य भी साथी थे और पुलिस के हत्थे चढ़ गये। पुलिस पूछताछ कर रही है।एसएसपी के मुताबिक पुलिस फायरिंग और मारपीट के आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी। रात को सूचना मिली कि गगन रतनपुरिया सितारगंज की ओर जा रहा है। पुलिस टीम ने उसे घेरा तो चार राउंड फायर किए। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक गोली उसके पैर में लग गई। फरार अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस टीमें लगी है।







